पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून बुधवार 7 अक्टूबर 2020





पवित्र छड़ी यात्रा पिथौरागढ़ के लिए रवाना करते हुए साधु–संत।

# रोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना जरूरी: सीएम

## रिपोर्ट

■10 वर्षों में रुद्रप्रयाग से 316 ग्राम पंचायतों से 22735 लोगों द्वारा अस्थाई पलायन किया: ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग

**संवाददाता**

देहरादून। जनपद रूद्रप्रयाग के ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक–आर्थिक विकास को सुदृढ़ बनाने एवं पलायन को कम करने हेतु ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस. नेगी ने सचिवालय में ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग की रिपोर्ट मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को सौंपी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद के प्रमुख पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना होगा। जनपद में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना जरूरी है। जनपद में महिलाओं की आबादी अधिक है, महिलाओं को कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण के साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देना होगा। ग्राम्य विकास



एवं पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 10 वर्षों में रुद्रप्रयाग जनपद से 316 ग्राम पंचायतों से 22735 लोगों द्वारा अस्थाई पलायन किया। यह पलायन जनपद के अन्दर एक स्थान से दूसरे स्थान पर हुआ। जबकि 7835 व्यक्तियों द्वारा पूर्ण रूप से स्थाई पलायन किया गया। जनपद में स्थाई पलायन की तुलना में अस्थाई पलायन अधिक हुआ है। लगभग 40 प्रतिशत पलायन 26 से 35 वर्ष के आयु वर्ग द्वारा किया गया।

ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार जनपद रूद्रप्रयाग विकासखण्ड ऊखीमठ की जनसंख्या में 11 प्रतिशत की वृद्धि एवं विकासखण्ड अगस्तमुनी की जनसंख्या में 02 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य घरेलू उत्पाद के आधार पर वर्ष 2016–17 (अनन्तिम) अनुमानों में जनपद रूद्रप्रयाग की प्रतिव्यक्ति आय अनुमानित 83521 रूपये है। रूद्रप्रयाग एवं टिहरी जनपद की प्रति व्यक्ति आय अन्य पर्वतीय जिलों की तुलना में कम है। जनपद का मानव विकास सूचकांक अन्य पर्वतीय जिलों से कम है। जनपद रूद्रप्रयाग में कुल 688 ग्रामों में से 653 आबाद एवं 35 गैर आबाद ग्राम हैं। जनपद के तीनों विकासखण्डों में कुल 20 राजस्व ग्राम/तोक हैं।

ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग ने जनपद के आर्थिक, सामाजिक विकास एवं पलायन को रोकने के लिए सुझाव दिये कि विकासखण्ड स्तर पर आर्थिक विकास का एक ढ़ाचा तैयार किया जाय। जनपद में पर्यटन विकास योजना तैयार होनी चाहिए। पानी के पारम्परिक स्रोतों के सूखने से जल की उपलब्धता एक चुनौती के रूप में आई है। सामाजिक–आर्थिक उत्थान और ग्रामीण विकास के लिए एक महिला केंद्रित दृष्टिकोण अपना होगा। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों कृषि आधारित, रेडिमेट वस्त्र, कताई–बुनाई लकड़ी आधारित,

### योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले। उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना जरूरी हैं। जनपद में फल, नर्सरियों की संख्या बढ़ाने एवं फल रोपण सामग्री उत्पादन करने के साथ ही निजी क्षेत्र की नर्सरियों को प्रोत्साहित करना होगा। फसलों को नुकसान से बचाने के लिए मनरेगा के तहत सुअर रोधी दीवार का निर्माण किया जाना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन को रोकने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना एवं कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाना जरूरी हैं। जनपद में कृषि उत्पादन के लिए विशेष क्षेत्र या विकासखण्ड स्तर पर किसान उत्पादक संगठन के गठन पर सिफारिश की गई है। षिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाईन तथा चारधाम सड़क परियोजना से जनपद रूद्रप्रयाग के विकास में तेजी आयेगी तथा इसका लाभ उठाने के लिए जिला प्रशासन विशेष योजना बनाए।

होटल एवं अन्य सर्विस ईकाइयों को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाकर आजीविका प्रदान करनी होंगी।

# 9 प्रोजेक्ट के औद्योगिक प्रस्तावों को समिति द्वारा स्वीकृति

## बैठक

■ औद्योगिक निवेश प्रस्तावों पर सम्बन्धित विभाग समय से स्वीकृति प्रदान करें: सीएस

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्य सचिव ओम प्रकाश की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित हुई उत्तराखण्ड एकल खिड़की सुगमता एवं अनुज्ञापन अधिनियम के अंतर्गत गठित राज्य प्राधिकृत समिति की बैठक में उन्होंने समिति से जुड़े विभिन्न विभागों और सदस्यों को निर्देश दिए कि निवेश प्रस्तावों पर विभाग समय पर अपनी टिप्पणी दें जिससे इम्प्लिमेन्टेशन में तेजी आए।

बैठक में लगभग 543 करोड़



रूपये की लागत वाले 09 प्रोजेक्ट के औद्योगिक प्रस्तावों को समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी, जिसके अंतर्गत काशीपुर में आर.के.फूड प्रोडक्ट्स के 18.328 करोड़, कोटबाग नैनीताल में कारबेट द आइकौन स्पा एण्ड रिसॉर्ट में 24 करोड़, भगवानपुर हरिद्वार में वैन्कों रिसर्च एण्ड ब्रीड़िंग फॉर्म प्राईवेट लिमिटेड के 43.71 करोड़ रू0, बाजपुर ऊधमसिंहनगर में मोनार्ड इन्डस्ट्रिज प्राइवेट लिमिटेड के 15.48 करोड़ रू0, कोटद्वार पौड़ी में भारत इलैक्ट्रोनिक लिमिटेड के 2.97 करोड़ रू0, हरियावाला काशीपुर, ऊधमसिंहनगर में पशुपति पॉलिटैक्स प्राइवेट लिमिटेड के 29.96 करोड़ रू0, सितारगंज ऊधमसिंहनगर में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के 131.20 करोड़ रू0, लक्सर हरिद्वार में ब्लूडेन्ज इन्डस्ट्रिज प्राइवेट लिमिटेड के 256.15 करोड़ रू0 तथा रूड़की हरिद्वार में गिर जग्गरी यूनिट ऑफ गिर डेयरी फार्मिंग प्रोडक्स प्राइवेट लिमिटेड के 21.10 करोड़ रू0 की धनराशि के प्रस्तावों का समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

मुख्य सचिव ने उद्योगों की स्थापना के लिए न्यूनतम पहुंच मार्ग की चौड़ाई के मानक में आ रही समस्याओं व बाधाओं के समाधान के लिए उद्योग और आवास विभाग की संयुक्त टीम बनाने के निर्देश दिये जो मानक के शिथिलीकरण के सम्बन्ध में निरीक्षण करते हुए समिति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

### प्राइवेट स्कूलों के संचालक अपनी मनमानी करने में तुले हुए हैं: भाजपा नेता

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा नेता व याचिकाकर्ता कुंवर जपेन्द्र सिंह ने कहा है कि उत्तराखंड में फीस एक्ट न होने के कारण प्राइवेट स्कूलों के संचालक अपनी मनमानी करने में तुले हुए हैं। आज उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य को बने 20 साल हो गये है और अब तक जो भी सरकारें सत्तासीन रही है लेकिन आज तक अपना फीस एक्ट नहीं बना पाई है और जबकि पडोसी राज्य हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में फीस एक्ट है जिसमें प्राइवेट स्कूलों की दखलंनदाजी बिल्कुल नहीं है। उन्होंने हका कि यहा पर प्राइवेट स्कूलों की मनमानी लगातार बढ रही है और ऑनलाइन क्लासेस को लेकर जो अभिभावक संतुष्ट होंगें फीस देंगें और अन्यथा स्कूल प्रबंधक जबरदस्ती नहीं कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्रग्स माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड जनक्रांति विकास मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने ड्रग्स माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर मौन प्रदर्शन के साथ मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष अमित नेगी एवं केन्द्रीय उपाध्यक्ष सुरेश नेगी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कचहरी में इकटठा हुए और वहां से मौन जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जहां पर मौन प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज किया और इस अवसर पर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किये गये ज्ञापन में ड्रग्स माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### राज्य सरकार झूठे विज्ञापनों के सहारे युवाओं को कर रही भ्रमित: नेगी

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि अभी हाल ही में राज्य सरकार द्वारा झूठे विज्ञापनों के सहारे युवाओं को भ्रमित किया गया है। यहां जारी एक बयान में नेगी ने कहा कि राज्य सरकार अब तक इन साढे तीन वर्षों में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से मात्र 2816 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर पाई, जबकि अभी तक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्राप्त नहीं हुए है।

### आर्यमन सिंघल ने ओआईटी एडवांस परीक्षा में देशभर में 745वीं रैंक हासिल की

**संवाददाता** देहरादून। दून के बेटे आर्यमन सिंघल ने ओआईटी एडवांस परीक्षा में देशभर में 745वीं रैंक हासिल की है। यहां मिली जानकारी के अनुसार आर्यमन ने पहली बार में यह मुकाम हासिल किया है और इससे पूर्व उन्होंने मेन्स परीक्षा में 99.746 प्रतिशत अंक पहली बार में हासिल किये थे।

### कुम्भ का आयोजन दिव्य और भव्य होगा: सीएम

**प्रथम पेज का शेष...**इस पर लगभग 35 करोड़ रूपए का व्यय अनुमानित है। हरिद्वार में 1000 बेड का कोविड केयर सेंटर बनाया जाएगा। लगभग 493 चिकित्सकों की व्यवस्था की जा रही है। एम्बुलेंस की भी आवश्यकतानुसार व्यवस्था की जा रही है। बाईक एम्बुलेंस और बोट एम्बुलेंस के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। पूरे कुम्भ मेला क्षेत्र को 23 सेक्टर में विभाजित किया गया है। किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए अतिरिक्त टीमें रिजर्व में रहेंगी। अधिकारियों के लिंक अधिकारी भी नामित किए जाएंगे। बैठक में शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, मुख्य सचिव ओमप्रकाश, सचिव आरके सुधांशु, नितेश झा, शैलेश बगोली, श्रीमती सौजन्या, पंकज पाण्डेय, गढ़वाल मंडल आयुक्त रविनाथ रमन, आई जी अभिनव कुमार, संजय गुन्ज्याल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।